Toppersnotes®
Unleash the topper in you

RAJASTHAN

LOWER DIVISION CLERK

लिपिक ग्रेड II एवं कनिष्ठ सहायक

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर

भाग – 1

सामान्य अध्ययन

SIERRA INNOVATIONS

RAJASTHAN L.D.C.

CONTENTS

भारत का भूगोल

1.	भारत का विस्तार	1
2.	भारत के भौगोलिक भू–भाग	6
3.	भारत का अपवाह तंत्र	35
4.	जैव विविधता	50

राजस्थान का भूगोल

1.	राजस्थान की उत्पत्ति, स्थिति, विस्तार एवं क्षेत्रफल	59
2.	राजस्थान का भौतिक प्रदेश एवं विभाग	65
3.	राजस्थान का अपवाह तंत्र	77
4.	राजस्थान की झीलें	85
5.	राजस्थान की जलवायु	90
6.	राजस्थान में मृदा संसाधन	97
7.	राजस्थान में वन–संसाधन एवं वनस्पति	102
8.	राजस्थान में खनिज सम्पदा	107
9.	राजस्थान में ऊर्जा स्त्रोत	116
10.	राजस्थान में पशुधन	125
11.	राजस्थान में कृषि एवं सिंचाई परियोजनाएँ	129
12.	राजस्थान की जनसंख्या	139
13.	राजस्थान में वन्यजीव एवं इनका संरक्षण	142
14.	राजस्थान में उद्योग	146
15.	राजस्थान में सूखा, अकाल व मरुस्थलीकरण	150

राजस्थान का इतिहास एवं कला संस्कृति

1. प्राचीन राजस्थान का इतिहास
   - परिचय 153
   - प्राचीन सभ्याताएँ 156
   - महाजनपद काल 163
   - मौर्यकाल 161
   - मौर्योत्तर काल 161
   - गुप्तकाल 161
   - गुप्तोत्तर काल 162
2. मध्यकाल राजस्थान का इतिहास 163
   - प्रमुख राजवंश एवं उनकी विशेषताएँ
   - राजस्थान की रियासतें और अंग्रेजों के साथ संधियाँ
3. आधुनिक राजस्थान का इतिहास 205
   - 1857 की क्रांति 205
   - प्रमुख किसान आन्दोलन 207
   - प्रमुख जनजातीय आन्दोलन 211
   - प्रमुख प्रजामण्डल आन्दोलन 212
   - राजस्थान का एकीकरण 216
4. राजस्थान कला एवं संस्कृति 221
   - राजस्थान के त्यौहार 221
   - राजस्थान के लोक देवता 227
   - राजस्थान की लोक देवियाँ 232
   - राजस्थान के लोक सन्त एवं सम्प्रदाय 236
   - राजस्थान के लोकगीत 242
   - राजस्थान की लोकगायन की शैलियाँ 243
   - राजस्थान के संगीत 244
   - राजस्थान के लोक नृत्य 245
   - राजस्थान के लोकनाट्य 249
   - राजस्थान की जनजातियाँ 252

- राजस्थान की चित्रकला 255
- राजस्थान की हस्तकलाएँ 261
- राजस्थान का साहित्य 264
- राजस्थान की प्रमुख बोलियाँ 270
- राजस्थान के प्रमुख लोक वाद्य यंत्र 272

5. राजस्थान की स्थापत्य कला 277
   - किले एवं स्मारक 277
   - राजस्थान के धार्मिक स्थल 286
   - राजस्थान की सामाजिक प्रथाएँ एवं रीति–रिवाज 291
   - राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व 293
   - वेश–भूषा व आभूषण 297

अर्थव्यवस्था

1. कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र 302
2. औद्योगिक विकास 305
3. आधारभूत संरचना का विकास 306

भारत के भौगोलिक भू–भाग

(Physiography Devision of India)

भारत के भौगोलिक भू–भाग

इसे मुख्यतः 5 भौतिक भागों मे बाँटा है जो निम्न है (**NCERT** में 6 भागों में विभाजित किया गया है ।)

1. हिमालय पर्वतीय प्रदेश
2. उत्तरी मैदानी प्रदेश
3. प्रायद्वीप पठारी प्रदेश
4. तटीय मैदानी प्रदेश
5. द्वीपीय समूह प्रदेश



1. हिमालय पर्वतीय प्रदेश



- भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित पर्वत तंत्र हिमालय पर्वतीय प्रदेश का निर्माण करता है ।
- इस पर्वत तंत्र का निर्माण नवीन वलित पर्वतों से हुआ है ।
- ये वलित पर्वत 'यूरेशियन प्लेट' तथा 'भारतीय प्लेट' के अभिसरण से निर्मित हुए है ।
- इस पर्वत तंत्र का निर्माण टर्शरी काल में हुआ है, इसलिए इसे 'टर्शरी पर्वत तंत्र' भी कहा जाता है । **Tertiary Period** (टर्शरी काल) = (70 मिलियन वर्ष–11 मिलियन वर्ष पूर्वतक)
- यह पर्वत तंत्र विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत तंत्र है, इसलिए इस तंत्र में बहुत से अल्पाइन हिमनद भी पाये जाते है ।
- भारत की सबसे प्रमुख नदियों का उदगम इसी पर्वत पर स्थित हिमनदों से होता है ।
- इस पर्वतीय प्रदेश को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है:–

ट्रांस हिमालय

हिमालय पर्वतीय प्रदेश का सबसे उत्तरी भाग ट्रांस हिमालय कहलाता है ।

- यह मुख्य रूप से 'जम्मू–कश्मीर' व 'तिब्बत' में स्थित है ।
- मुख्य हिमालय के वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहाँ शुष्क परिस्थितियाँ पाई जाती है ।
- इस भाग में तीन प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ पाई जाती है :–

(a) काराकोरम श्रेणी

- यह ट्रांस हिमालय की सबसे उत्तरी श्रेणी कहलाती है ।
- यह ट्रांस हिमालय की सबसे लम्बी व ऊँची श्रेणी है ।
- 'माउण्ट गोडविन ऑस्टिन' इस श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है, जो कि भारत की सबसे ऊँची तथा विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है । (8611 किमी.)
- यह श्रेणी अपने अल्पाइन हिमनदों के लिए विख्यात है :–
  1. बतुरा
  2. हिस्पार
  3. बियाको
  4. बालतोरो
  5. सियाचिन
- सियाचिन हिमनद' नुबरा घाटी में स्थित है तथा इस हिमनद के पिघलने से नुबरा नदी का उदगम होता है, जो कि सिन्धु की सहायक नदी है ।

(b) लद्दाख श्रेणी

- काराकोरम श्रेणी के दक्षिण में स्थित है ।
- तिब्बत में इस श्रेणी का विस्तार 'कैलाश पर्वत' के नाम से जाना जाता है ।
- तिब्बत में इस श्रेणी के दक्षिण में 'मानसरोवर झील' स्थित है ।
- 'एकापोशी चोटी' इस श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है । जो विश्व की सबसे तीव्रतम ढाल वाली चोटी है ।

(c) जास्कर श्रेणी

- ट्रांस हिमालय की सबसे दक्षिणी श्रेणी ।
- जास्कर तथा लद्दाख श्रेणी के मध्य सिन्धु घाटी स्थित है ।

Note

लद्दाख पठार

- कराकोरम श्रेणी तथा लद्दाख श्रेणी के मध्य स्थित अन्तः पर्वतीय पठार है ।
- इस पठार की ऊँचाई लगभग 4800 मीटर है तथा यह भारत का सबसे ऊँचा पठार है ।
- वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होने के कारण इस पठार पर शुष्क परिस्थितियाँ पाई जाती है, इसलिए यह एक 'ठण्डे मरूस्थल' का उदाहरण है ।
- इस पठार पर बहुत सी खारे पानी की झील पाई जाती है ।

मुख्य हिमालय

- यह पर्वतीय प्रदेश का दूसरा प्रमुख भाग है ।
- यह भाग सिन्धु नदी घाटी से ब्रह्मपुत्र नदी घाटी तक स्थित है ।
- इस भाग के दोनों ओर अक्षसंधीय मोड **(Systaxial Bend)** पाया जाता है ।
- इस भाग की चौडाई पश्चिमी भाग में अधिक तथा पूर्वी भाग में कम है ।
- यह लगभग 2400 किमी. की दूरी में विस्तृत है ।
- इस भाग में तीन प्रमुख श्रेणियाँ है:-
  - (a) वृहद् हिमालय (Greater Himalaya)
  - (b) मध्य हिमालय (Middle Himalaya)
  - (c) शिवालिक (Shivalik)

(a). वृहद् हिमालय (Greater Himalaya)

- यह श्रेणी नंगा पर्वत से नामचा बरवा के बीच स्थित है ।
- यह 2400 किमी. की दूरी तक विस्तृत है तथा इसकी औसत चौडाई 25 किमी. एवं औसत ऊँचाई 6100 मी. है ।
- ऊँचाई अधिक होने के कारण यह पर्वत वर्ष भर बर्फ से ढका रहता है अतः इसे हिमाद्री भी कहा जाता है ।
- यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी है । इस श्रेणी में विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट एवरेस्ट (8849 मी.) स्थित है ।
- इस श्रेणी मे कंचनजंघा (8598 मी.), मकालू (8484 मी.) धौलागिरी (8172 मी.), नंगा पर्वत (8126 मी.) आदि स्थित है ।
- माउण्ट एवरेस्ट नेपाल-चीन सीमा पर स्थित है । इसे नेपाल में सागरमाथा कहते है । (माउण्ट एवरेस्ट को)
- इस पर्वत पर बहुत से प्रमुख हिमनद स्थित है । **e.g.-** गंगोत्री, यमुनोत्री, सतोपंथ, पिंडारी, मिलान इत्यादि ।
- इस श्रेणी में बहुत से दर्रे है जिन्हें स्थानीय भाषा में 'ला' कहा जाता है ।

- वृहत हिमालय के प्रमुख दर्रे निम्न है :-

➢ बुर्जिल	➢ नीति
➢ जोजीला	➢ लिपुलेख
➢ बडालाचा	➢ नाथुला
➢ शिपकीला	➢ डेलेप्ला
➢ माना	➢ बोमडीला

(i). बुर्जिल दर्रा
- यह श्रीनगर को **POK** से जोडता है ।
- इस दर्रे के माध्यम से घुरूपैठ गतिविधियाँ होती है ।

(ii). जोजिला दर्रा
- यह दर्रा श्रीनगर को लेह से जोडता है ।
- इस दर्रे से **NH-1D** गुजरता है ।

(iii). बाडालाचा दर्रा – यह दर्रा हिमाचल प्रदेश को लेह से जोडता है ।

(iv). शिपकिला दर्रा
- यह दर्रा हिमाचल प्रदेश को तिब्बत से जोडता है ।
- इस दर्रे का निर्माण सतलज नदी द्वारा किया गया है ।
- इसी दर्रे के माध्यम से सतलज नदी भारत में प्रवेश करती है ।
- इस दर्रे के माध्यम से चीन के साथ व्यापार किया जाता है ।

(v). माना :- यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है ।

(vi). नीति :- यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है ।

(vii). लिपुलेख दर्रा
- यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है ।
- इस दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की जाती है अतः इसे 'मानसरोवर का द्वार' भी कहा जाता है ।
- इस दर्रे के माध्यम से चीन के साथ व्यापार किया जाता है ।

(viii). नाथूला दर्रा
- यह दर्रा सिक्किम को तिब्बत से जोडता है ।
- इस दर्रे से प्राचीन रेशम मार्ग गुजरता था।
- इस दर्रे का उपयोग चीन के साथ व्यापार एवं कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए किया जाता है

- मानसरोवर की यात्रा इस दर्रे के माध्यम से अधिक सुगम होती है ।

(ix). जेलेप–ला दर्रा :– यह दर्रा सिक्किम को तिब्बत से जोडता है ।

(x). बोमडीला दर्रा :– यह दर्रा अरूणाचल प्रदेश को तिब्बत से जोडता है ।

(b). मध्य हिमालय (Middle Himalaya)

- इसे हिमाचल हिमालय या लघु हिमालय भी कहते है ।
- यह श्रेणी 2400 किमी. की दूरी में विस्तृत है ।
- इसकी औसत चौडाई 50 किमी. है ।
- इस श्रेणी की ऊँचाई लगभग 3700–4500 मी. के बीच पाई जाती है ।
- इस श्रेणी के विभिन्न स्थानीय नाम हैः–
  - जम्मू कश्मीर – पीरपंजाल
  - हिमाचल प्रदेश – धौलाधर
  - उत्तराखण्ड – मसूरी/नागटिब्बा
  - नेपाल – महाभारत
  - सिक्किम – डोकया
  - भूटान – ब्लैक माउण्टेन

- मध्य हिमालय तथा वृहत हिमालय के बीच बहुत सी घाटियाँ स्थित हैः–
  - कश्मीर घाटी = वृहद् हिमालय – पीर पंजाल
  - कुल्लू घाटी = वृहद् हिमालय – धौलाधर
  - कांगडा घाटी **(HP)** = वृहद् हिमालय – मसूरी
  - काठमांडू घाटी = वृहद् हिमालय – महाभारत

- इस श्रेणी पर ग्रीष्म ऋतु में शीतोष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान पाए जाते है । जिन्हें जम्मू कश्मीर मे **'मर्ग'** तथा उत्तराखण्ड मे **'बुग्याल, पयार'** कहा जाता है ।
- शीत ऋतु के दौरान यह श्रेणी बर्फ से ढक जाती है ।
- इस श्रेणी पर स्थित घास के मैदानों का उपयोग स्थानीय समुदाय अपने पशुओं को चराने के लिए करते है ।
- इस श्रेणी क्षेत्र में बहुत से पर्यटन स्थल पाए जाते है । **e.g.** कुल्लू, मनाली, नैनीताल, मसूरी आदि ।
- इस श्रेणी में कुछ प्रमुख दर्रे पाए जाते है :–
  1. पीरपंजाल दर्रा :– यह दर्रा श्रीनगर को **POK** से जोडता है ।
  2. बनिहाल दर्रा :– श्रीनगर को जम्मू से जोडता है, **NH-1A** इस दर्रे से गुजरता है । इस दर्रे में जवाहर सुरंग स्थित है । यह NH44 पर बनाया गया है ।

राजस्थान में खनिज

- राजस्थान खनिज संसाधनों की दृष्टि से सम्पन राज्य है । इसे खनिजों का संग्रहालय एवं अजायब घर कहा जाता है ।
- देश की 19 प्रतिशत कार्यरत खानें राजस्थान में है । जिनका देश में उत्पादन की दृष्टि से 9 वां स्थान है ।
- डोस्पार, सैलेनाईट, गार्नेट, वॉलस्टोनाइट, पन्ना के उत्पादन में राजस्थान देश में एक मात्र राज्य है ।



मानचित्र – खनिज वितरण व प्रमुख उद्योग

खनिज दृष्टिकोण

भण्डारण	उत्पादन	विविधता	आय
राजस्थान द्वितीय स्थान	द्वितीय उत्पादित खनिज–57	प्रथम खनिज प्रकार – 81	आठवां

1. खनिज भण्डारण

खनिज भण्डारण सर्वाधिक अरावली में पाया जाता है, इस कारण अरावली को खनिजों का भण्डारगृह कहा जाता है ।

2. खनिज उत्पादन

राजस्थान देश के कुल खनिज उत्पादन का 9 प्रतिशत उत्पादित करता है

जिसमें धात्विक – 15 प्रतिशत अधात्विक–25 प्रतिशत अधात्विक खनिजों के उत्पादन में राजस्थान का देश में प्रथम स्थान है ।

3. खनिज विविधता

खनिज विविधता के आधार पर राजस्थान को खनिजों का अजायबघर कहा जाता है

4. खनिज आय

खनिज आय की दृष्टि से राजस्थान पिछडा हुआ राज्य है क्योकि यहाँ से मुख्यतः अधात्विक खनिज का उत्पादन होता है ।

राज्य की खनिजों को निम्नलिखित 3 श्रेणियों मे विभाजित किया जा सकता है ।

खनिज वर्गीकरण		
धात्विक	अधात्विक	ईधन खनिज
वे खनिज जिनसे धातुओं की रासायनिक तथा क्रियाओं द्वारा परिष्कृत या कार्बन अलग किया जा सकता है प्रयोग – वे सामान्यतः अयस्क के होता है । रूप में पाये जाते है । लौह धात्विक : कोबाल्ट, क्रोमाइट, लोहा, मैंगनीज, निकल, टंगस्टन, टाइटेनियम अलौह धात्विक : सोना, चांदी, प्लेटिनम, सीसा, जस्ता, टिन, बॉक्साइट, एल्युमिनियम, मैग्नीशियम, मर्करी	वे खनिज जिन्हें रासायनिक क्रिया से परिष्कृत कर मूल खनिज से पृथक नही किया जा सकता है, इन्हे औद्योगिक खनिज भी कहा जाता है • अभ्रक • डिप्सम • पत्थर • क्ले	वे खनिज जो प्रत्यक्ष ऊर्जा प्रदान करते है जिनमें हाइड्रोजन पाया जाता है । इनका ईधन के रूप में ऊर्जा खनिज : • कोयला • पेट्रोलियम • प्राकृतिक गैस

धात्विक खनिज

लौह अयस्क

हेमेटाइट किस्म का लोहा मिलता है ।

राजस्थान का प्रथम लौह अयस्क परिष्करण संयंत्र–पूर भीलवाडा तिरंगा पहाडी पर स्थापित किया गया था ।

- हमारा लौहे का बडा ग्राहक जापान (68 प्रतिशत) है ।

प्रमुख स्थल

- जयपुर – चौमू, टोडा–चिपलाटा थोई बनिया का वास, तातेरी बांगावास, भट्टो की गली, मोरीजा – बानोला ।
- सीकर – नीमकाथाना – बगोली, खराय – पंचलंगी
- झुंझुनूँ – खेरडी, डाबला–सिघाना
- उदयपुर – नाथराकीपाल, हुंडेर
- भीलवाडा, डुंगरपुर, बांसवाडा तक पेटी काकरोली, उदयपुर
- दौसा – नीमला गांव
- बूंदी – लोहारपुर
- डुंगरपुर – लोहरिया, खाचरिया, तालवारा भीलवाडा – पादरपाल, डाग, इन्द्रगढ,
- बांसवाडा – कमलपुर, लामया

मैंगनीज

अवसादी शैलों से प्राप्त होने वाला यह खनिज राज्य में कम मात्रा में पाया जाता है ।

रंग – काला

उपयोग – लोह इस्पात (लोहे को कठोर करने के लिए 1 टन में 6 kg.)

बांसवाडा – लीलवानी, नराडिया, सिवोनिया, कालखुन्टा, कासला, सागवा, इटाला, तिम्यामौरी, खेडिया, काचला, तलवाडा आदि ।

उदयपुर- नेगडिया स्वरूपपुरा, रामौसन, जयपुर व सवाईमाधोपुर मे क्वार्टजाइट शिलाओं की दरारों में मैंगनीज पाया जाता है ।

सीसा और जस्ता

- देश का लगभग 80 प्रतिशत सीसा व 99 प्रतिशत जस्ता उत्पादन राजस्थान में होता है ।
- सीसा जस्ता मिश्रण गेलेना कहलाता है।
- जस्ता + ताँबा - पीतल
- ताँबा + टिन - कांसा
- सीसा, जस्ता चांदी मिश्रित रूप में मिलता है ।
- सीसा जस्ता के सान्द्र के मिश्रित रूप में प्रतिशत 25.3 औंस, व 5.6 औंस चांदी की मात्रा होती है ।
- सह उत्पाद के रूप में केलियम भी मिलता है । राज्य में 4 करोड टन सीसे जस्ते भण्डार होने का अनुमान ।
- सीसा, जस्ता के मिश्रित रूप को गैलेना कहते है ।
- चन्देरिया (चित्तौडगढ) में ब्रिटेन की सहायता से सुपर जिंक स्मेल्टर संयंत्र स्थापित किया गया है । जिसका एशिया में प्रथम स्थान है ।

(i) जावर (उदयपुर) - जावरमाला, बरोड मगरा, मोचिया मगरा ।
(ii) राजपुरा - दरिया (उदयपुर)
(iii) आगुचा गुलाबपुरा - भीलवाडा
(iv) घुंघराव - डुंगरपुर
(v) वरडालिया - बांसवाडा
(vi) जोपार एवं तुरंगी - सिरोही
(vii) चौथ का बरवाडा - सवाईमाधोपुर
(viii) गुढा-किशोरी पास - अलवर

ताँबा

- ताँबे का अयस्क - सल्फाइड, ऑक्साइड, कार्बोनेट
- ताँबे का उतउत्पाद रूप - सल्फ्यूरिक एसिड (सुपर फॉस्फेट खाद बनाने में)
- मानव द्वारा खोजी गई प्रथम धातु तांबा थी ।
- राजस्थान में सर्वाधिक तांबा झुंझुनूं में मिलता है, इसी कारण झुंझुनूँ को तांबा जिला व आहड (उदयपुर) को ताम्र नगरी कहते है ।
- खेतडी - सिंघाना (झुंझुनूँ) - कोल्हन, मन्थान, खेतडी, पपरना, बबाई, पश्चिम, बरखेडा
- अलवर - खौ - दरीबा, थानागाजी, कुलशगढ, सेनपरी, भगत बास ।
- उदयुर - दरीबा
- बीकानेर - बींदासर
- भीलवाडा, कोटा व झालावाड

टंगस्टन

- उपयोग - बिजली के बल्ब व सुरक्षा अस्त्रों में, वाल्दा सिरोही में भी टंगस्टन मिलता है ।
- टंगस्टन हीरे के बाद सबसे कठोर धातु है । इसका मुख्य अयस्क ''वोल्फ्रोमाइट'' है ।
- डेगाना (नागौर) - एक मात्र खान देश की ।

अजमेर - नागौर सीमा - सेवरिया, पीपलिया, बीजाथल पाली में सम्भावना
(a) आबू रेवदर (सिरोही)
(b) नाना कराब, पिडराला-बीजापुर(पाली)
(c) सेवरिया, पिपलिया(पाली)

नोट :- टंगस्टन एक भारी धातु है जिसका गलनांक उच्च होता है।

बेरिलियम

- एलुमिनियम का सिलकेट होता है ।
- हल्का हरा, पीला, सफेद होता है ।
- इस खनिज को खरीदने का एकाधिकार केवल भारतीय सेना के पास है ।
- राजस्थान में अच्छी किस्म का बेरीलियम पाया जाता है ।

प्रमुख स्थल

- उदयपुर - अमेटा के बिरल शिकारवाडा सिलेका, गढा, चम्पा गढा, राण आमेट ।
- जयपुर - बादर सिन्दरी व गुजरवाडा
- भीलवाडा - देवडा व तिलोली गांव
- डुंगरपुर - सागवाडा
- सीकर - नीमकाथना
- टोंक

चाँदी एवं सोना

उदयपुर, भीलवाडा की सीसा जस्ता खानों से चांदी भी निकाली जाती है ।

स्वर्ण - बांसवाडा - आनन्दपुर, भुकिया ।

1. चाँदी उत्पादन की दृष्टि से भारत में राजस्थान का प्रथम स्थान है ।

- देश की चांदी की सबसे बडी खान जावर (उदयपुर) में है, जहां से देश की कुल चांदी की 99.46 प्रतिशत चांदी प्राप्त होती है ।
- सोना 2006 में होने वाले भू-सर्वेक्षण के सर्वे की सूचना के अनुसार अजमेर की भिनाय तहसील के छछुंदरा व जोराबरपुरा क्षेत्र में सोना निकलने की संभावना व्यक्त की है ।
- आनंदपुरा भूकिया क्षेत्र व जगतपुरा भूकिया क्षेत्र में स्वर्ण भंडारों की खोज ऑस्ट्रेलियाइ कंपनी ''इण्डो गोल्ड'' ने की थी ।

अधात्विक खनिज - निम्न श्रेणियों में

- उर्वरक खनिज - जिप्सम, रॉक, फास्फेट, पाईराइट
- बहुमूल्य पत्थर - पन्ना, तामडा, हीरा
- आणविक एवं विद्युत उपयोगी - अभ्रक, युरेनियम
- उष्मारोधी, उच्चतापसह, प्रतिका खनिज - एस्बेस्टास, फेल्सपार, सिलिका सैंड, क्वार्ट्ज, मेगनेसाइट, वरमेकुलेट, चीनी मिट्टी, डोलोमाइट
- रासायनिक खनिज - नमक, बेराइट, चूना पत्थर, फ्लोराइट
- इमारती पत्थर - सैंडस्टोन, संगमरमर, ग्रेनाइट, स्लेट
- अन्य खनिज - घीया पत्थर, केल्साइट, पायराइट, स्टेलाइट

एस्बेस्टॉस - उपनाम - मिनरल सिल्क

उपयोग - सीमेंट, चादरे, टाइले, फिल्टरसे, तापनिरोधक वस्तुएं

देश का कुल 90 प्रतिशत भाग उत्पादित राजस्थान रेशदार खनिज रूई के रूप में निकलता है इस रेशों में जल्दी आग न पकडने का गुण होता है ।

- राजस्थान में एम्फीबोलाइड किस्म का एस्बेस्टॉस पाया जाता है ।

उत्पादक क्षेत्र

- उदयपुर - खेरवाडा, रिषभदेव, नाथद्वार, काथल, आसिन्द सलुम्बर, बरना, गुंजाम
- डुंगरपुर - देवल, खेपारू, पीपरदा, मलवा, डुंगरपुर, साश्भ, जकोल
- अजमेर, जोधपुर में मात्रा में एस्बेस्टॉस मिलता है ।

फेल्सपार

- 60 प्रतिशत भारत का उत्पादन होता है ।
- यह अभ्रक का सहउत्पाद है ।
- राज्य का 96 प्रतिशत उत्पादन अजमेर करता है ।
- मिश्रित खनिज है । जिसके साथ पोटाश व सोडास्पर भी पाया जाता है ।

उत्पादक क्षेत्र

अजमेर - ब्यावर

जयपुर - डुंगरपुर, दादियां, बान्देवदनेनी, गुजरवाडा

पाली - चाक्षेदिया, प्रतापगढ, डिग्गोर, फूलद, बाडा ।

अभ्रक

उपयोग - विद्युत उपकरण, सजावट समान, अग्निक प्रतिरोधक पदार्थ, अग्नि प्रतिरोधक आणविक इन्सुलेटिंग ब्रिक्स, भीलवाडा में अभ्रक की ईंटें ।

अभ्रक को खनिज व्यवसाय का बीमार बच्चा कहते है ।

मस्कोलाइट अभ्रक - सफेद अभ्रक (टुकडे धारियों के रूप में)

बायोटाइट अभ्रक - हल्का गुलाबी

रूबी अभ्रक - सफेद

- राजस्थान में 40 प्रतिशत रूबी अयस्क है ।

उत्पादक क्षेत्र

- जयपुर टौंक पेटी
- टौंक - बरला, मानखंड, शंकरवाडा, बारचौला, मिराऊ, धौली, बारेली, पालरी
- जयपुर - बंजारी, लक्ष्मी, भोजपुरा, माधोराजपुरा, कनर्वा का बास
- भीलवाडा - उदयुर पेटी
- भीलवाडा - नात - की - नेरी, तूनका, सिंदरियास, चापरी, रतनगाजा, बंजारी, घोघास, बेमाली, कोचरिया, गोकुलपुरा, घावमण्ड
- उदयपुर - चम्पागढ, धौलामेतरा, मालवा

अन्य क्षेत्र -

- सीकर में तोरावटी क्षेत्र
- अजमेर, अलवर, राजसमन्द, पाली ।

जिप्सम

उपभोग - रासायनिक उर्वरक, प्लास्टर ऑफ पेरिस रंग - रोगन

- सर्वाधिक उत्पादन राजस्थान करता है 90 प्रतिशत ।
- रेवेदार रूप में इसे सेलेनाईट के रूप से जाना जाता है ।
- क्षारीय भूमि से होने वाली सेम की समस्या के समाधान के लिए जिप्सम का प्रयोग किया जाता है ।

1. बीकानेर – गंगानगर – चुरू क्षेत्र देश के 17 प्रतिशत जिप्सम भण्डार का अनुमान ।
   लुणकरणसर, सियासर, हरकासर, पुंगल, जामसर – बीकानेर जामसर राज्य का सबसे बडा जिप्सम भण्डार गंगानगर–हनुमानगढ, चुरू–अन्य क्षेत्र
2. नागौर
3. बाडमेर – कवास, कुरला, श्योंकर (शिव्कर) उतरलाई, पारमी धामी ।
   जैसलमेर – लक्खा, मोहनगढ, हपीरवाली
   पाली – खुटाणी
   जोधपुर

रॉक फास्फेट

उपयोग – रासायनिक उर्वरकों में ।

- देश का 56 प्रतिशत रॉक फास्फ्फेट उत्पादन करता है ।
- रॉक फॉस्फेट आग्नेय व अवसादी चट्टानों से एम्पेटाइट व फॉस्फोराइट आदि के रूप में प्राप्त होता है ।

उत्पादन क्षेत्र

- उदयपुर – कानपुर, कारबेरिया, डाफन – कोटडा, मटून, सीसरमा, नीमचमाता, बडा गांव, झामर कोरडन ।
- बांसवाडा – रतलोपेट
- जैसलमेर – बीरमानियां एवं फतेहगढ
- जयपुर – अडूका – अदवानी ।
- डोलोमाइट – कैल्सियम एवं मैगिनिशियम कार्बोनेट को डोलामाइट कहते है ।

उपयोग

उच्च ताप यह पदार्थ बनाने, इस्पात एवं खनिज ऊर्जा में किया जाता है ।

उत्पादक क्षेत्र

- बांसवाडा – विट्ठलदेव, खमेरा, जगपुरा,
- त्रिपुरा – सुन्दरी, अमरपुरा
- उदयपुर – धरियावाद
- राजसमंद – ईसवाल, हल्दीघाटी, कोठारिया, नाथद्वारा, औडन, राजनगर, मोरचना, तलाई, अगरिया ।
- अलवर, सीकर, झुंझुनूँ, भीलवाडा, नागौर ।
- सिलिका सैण्ड या कांच बालुका – उपयोग – कांच बनाने में ।
- धौलपुर कांच फैक्ट्री में उपयोग

उत्पादक क्षेत्र

- बूंदी – बारेदियां
- जयपुर – छर सांगोट, चित्तौडी, कुण्डाल, धूलाधोपुर, मनोता, बांसखों, वथाल ।
- सवाईमाधोपुर – एलनपुरा, नारायाणपुर, नरोली, टटवास, सापोतरा ।
- भरतपुर – जगजीवनपुर, हथौडी ।
- कोटा – कुण्डी ।
- बाडमेर – शिव
- चाइना ग्ले – केओलिन अन्य नाम

उपयोग

- तापरोधी उपकरणों मे ।
- 45 प्रतिशत चाइना ग्ले का उत्पादन राजस्थान में ।

उत्पादक क्षेत्र

अलवर, बाडमेर, भीलवाडा, बीकानेर, चित्तौड, नागौर, जैसलमेर, उदयपुर ।
फायर क्ले – उपयोग अग्नि अवरोधक के रूप मे ।

उत्पादक

- बीकानेर – कोलायत में – कोटरी, गढ, रानेरी, ईडकाबाला
- भीलवाडा– मंगरूप, बनियाखेडा
- चित्तौड – एरल

मैग्नेसाइट

उपयोग – कांचरोधी ईट एवं सीमेंट, कांच और कपडा उद्योग में किया जाता है ।

उत्पादक क्षेत्र

पाली – सेन्दरा
अजमेर – सरूया छाजा
उदयपुर – लेबा का गुंडा
डुंगरपुर – खेल, पीठ, डुंगर ।

राजस्थान में पशुधन

पशुओं का योगदान



ऊन	दुग्ध	माँस	अर्थव्यवस्था
40%	10%	35%	9%

पशु या पशुओं का समूह जिसे कृषि कार्यो, देशे, श्रम, खाद्य, उत्पाद तथा अन्य कार्यो के लिए पालतू बनाया जाता है, उन्हे पशु-धन कहते हैं ।

राजस्थान में पशुगणना का कार्य राजस्वमण्डल अजमेर द्वारा किया जाता है

- पशुगणना प्रति 5 वर्ष में आयोजित होती है ।
- प्रथम पशुगणना-1919-1920 में आयोजित की गई
- नवीनतम 20वी पशुगणना-2017 में आयोजित की गई ।
- नवीनतम पशु गणना के अनुसार राजस्थान में कुल पशु सम्पदा- 5.68 लाख
- नवीनतम पशु गणना के अनुसार पशुः-

सर्वाधिक	सबसे कम
1. बाडमेर	1. धौलपुर
2. जोधपुर	2. कोटा
3. जैसलमेर	3. सवाई माधोपुर
4. नागौर	4. बाराँ

- 20वी पशु गणना में पशु सम्पदा में बढोतरी-1.89%
- 20वी पशु गणना में राजस्थान में पशु सम्पदा देश की कुल पशु सम्पदा का-11.27%
- 20वी पशुसम्पदा के अनुसार राजस्थान में पाये जाने वाले सर्वाधिक पशु :-
  - प्रथम बकरी - 36.70% (208.4 लाख)
  - द्वितीय गाय - 24.50% (139 लाख)
  - तृतीय भैंसे - 24.11% (137 लाख)
  - चतुर्थ भेड - 13.92% (79 लाख)
- 20वी पशुगणना के अनुसार राजस्थान के पशुधनत्व-166

अधिकतम	न्यूनतम
(1) डूँगरपुर (433)	(1) जैसलमेर (62)
(2) बाँसवाडा (386)	(2) बीकानेर (90)
(3) दौसा (308)	(3) बारां (110)
(4) जयपुर (208)	

- 20वी पशुगणना में सर्वाधिक बढोतरी वाले पशु

(संख्या के आधार पर)	(प्रतिशत के आधार पर)
1. भैंस	1.खच्चर-280.93 प्रतिशत
2. गाय	2. भैंस-16.99 प्रतिशत
3. बकरी	
4. सुअर	

20वी पशुगणना में सर्वाधिक कमी वाले पशु

संख्या के आधार पर	प्रतिशत के आधार पर
1. भेड	1. गधा (71.31%)
2. बकरी	2. खच्चर (60.33%)
3. ऊँट	3. सुअर (34.87%)
4. सुअर	4. ऊँट (34.69%)

नोट -

- पशुओं की नस्ल के आधार पर गणना 18वीं पशुगणना (2007) में की गयी थी।
- देश में राजस्थान का
  बकरा मांस उत्पादन में राज. - प्रथम स्थान
  ऊन उत्पादन में - प्रथम स्थान
  पशुसम्पदा में - द्वितीय (Ist U.P.)
  दुग्ध उत्पादन में - द्वितीय-12.73% (Ist U.P.)

राजस्थान में गोवंश की देशी व विदेशी नस्ले पायी जाती है ।

गौवंश

गौवंश- सर्वाधिक -उदयपुर, चित्तौडगढ

गौवंशी की नस्ल	क्षेत्र	विशेष
1. राठी	बीकानेर, श्रीगंगानग, जैसलमेर	सर्वाधिक दूध देने के कारण राजस्थान की कामधेनू प्रजनन केन्द्र - नोहर (हनुमानगढ)
2. थारपारकर	जैसलमेर, बाडमेर, जोधपुर	मूल स्थान-सिंध प्रांत (पाकिस्तान) की नस्ल प्रजनन केन्द्र - किशनगढ
3. गीर	अजमेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ	मूलतः गुजरात की नस्ल
4. नागौरी	अजमेर, भीलवाडा, चित्तौडगढ	नागौरी बेल दौडन में, भारवहन तथा कृषि
5. कांकरेज	बाडमेर, जालौर	मूलतः गुजरात की नस्ल

6. मेवातीब	अलवर, भरतपुर	बोझा ढोने हेतु प्रजनन केन्द्र – बस्सी
7. हरियाणवी	सीकर, झुंझुनूँ	मूलतः हरियाणा की नस्ल सर्वाधिक गाय गाय की सीर की हड्डी उठी होती है ।
8. मालवी	दक्षिणी पूर्वी राजस्थान	मूलतः मध्यप्रदेश का मालवा क्षेत्र प्रजनन केन्द्र – डग (झालावाड)
9. सांचौरी	जालौर, सिरोही	प्रजनन केन्द्र–चौहटन (बाड़मेर) प्रजनन केन्द्र–चौहटन (बाड़मेर)

- गाय के मांस को बीफ कहते है ।
- गौ–मूत्र बैंक– सांचौर

विदेशी नस्ले

1. रेडडेन :– मूल स्थान–डेनमार्क
   - राज्य में बिखरी हुई पायी जाती है ।
   - दुग्ध उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ।

2. हॉलिस्टिन :– मूल स्थान हॉलैण्ड अमेरिका
   - राज्य के मध्य एवं पूर्वी भाग में पायी जाती है ।
   - सर्वाधिक दूध देती है ।

3. जर्सी :– उत्पति–अमेरिका
   - मध्य एवं पूर्वी राजस्थान में पायी जाती है ।
   - कम आयु में ही दूध देना प्रारम्भ कर देती है ।

निष्कर्षत गायों की राजस्थान की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका है। यही कारण है । यही कारण है कि वर्ष 2014 में राजस्थान सरकार ने गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए गो–पालन विभाग स्थापित कर दिया है ।

राजस्थान में प्रमुख द्विप्रयोजनीय गौवंश

- गिर
- कांकरेज
- हरियाणवी

राजस्थान में दूध देने वाली गाय की प्रमुख फसलें

राजस्थान में मुख्यतः भारवाहक नस्ले पायी जाती है किन्तु फिर भी कुछ देशी व विदेशी गोवंश की नस्ले दुग्ध उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है :–

डैरी – राठी(सर्वाधिक दूध), सांचौरी, थारपारकर, हरियाणवी, गिर, कांकरेज

इनके अलावा हॉलिस्टिन, रेडडेन, जर्सी गायें भी दुग्ध–उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है ।

भेड

- भेड के मांस को मटन बोलते है ।

1. मारवाडी :– जोधपुर, नागौर, बाड़मेर, पाली, सिरोही में पायी जाती है ।
2. मालपुरी :– यह टोंक, जयपुर, सवाई माधोपुर, दौसा, करौली, अजमेर में पायी जाती है । गलीचे के लिए प्रसिद्ध
3. सोनाडी :– यह दक्षिणी राजस्थान के बांसवाडा, डूँगरपुर, प्रतापगढ, चित्तौडगढ, भीलवाडा में पायी जाती है । कान लम्बे होते है इसे चनोथर भी कहते है ।
4. नाली :– यह श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर व सीकर में पायी जाती है । इसका रेशा लम्बा होता है ।
5. चोकला :– यह सीकर, चूरू, झुंझुनूँ, बीकानेर, जयपुर आदि जिला में पायी जाती है ।
6. बागडी :– यह अलवर जिले में पायी जाती है ।
7. पूगल :– यह बीकानेर, जैसलमेर व नागौर क्षेत्र में पायी जाती है ।
8. जैसलमेरी :– यह जैसलमेर, बाड़मेर व जोधपुर जिलों मेंपायी जाती है । सर्वाधिक ऊन देती है ।
9. मगरा :– यह बीकानेर, जैसलमेर व नागौर क्षेत्र में पायी जाती है ।
10. खेरी :– यह जोधपुर, पाली व नागौर में पायी जाती है ।
    - करणी व करणियों–भेड के मादा बच्चे को स्थानीय भाषा मं करणी तथा नर बच्चे को करणियों या करण्यो कहा जाता है ।
    - रेवड – भेडों के झुण्ड को राजस्थान में रेवड कहा जाता है ।
    - भेड अनुसंधान – 1962 अविकानगर (टोंक)

राजस्थान में पायी जाने वाली विदेशी नस्ल की भेडें

1. मेरिनों :- इसकी उत्पति स्थल ऑस्ट्रेलिया है ताकि इसकी ऊन उन्नत किस्म में होती है - यह राजस्थान में टोंक, सीकर, जयपुर आदि जिलों में पायी जाती है।
2. डोर्सेट :- यह भी टोंक जिले में पायी जाती है । इसकी ऊन उत्तम किस्म की होती है ।
3. रेक्बुले :- यह भी टोंक जिलो में पायी जाती है तथा इसकी ऊन उन्नत किस्म की होती है ।
4. कोरिडेल :- यह चित्तौडगढ जिले में पायी जाती है तथा इसका मांस भी उपयोगी होता है ।

भेडे -सर्वाधिक- बाडमेर

बकरियाँ

इसे 'गरीब की गाय' भी कहा जाता है तथा 'चलता-फिरता फ्रिज' भी कहा जाता है ।

आजकल इसे "ATM" (Any Time Milk) भी कहते है । बकरी मांस को चेवणी कहते है ।

1. सिरोही :-यह सिरोही, जालौर, अजमेर, उदयपुर, में पायी जाती है । यह मांस के लिए प्रसिद्ध है ।
2. झाखवाडी :- मांस के लिए प्रसिद्ध ।
3. मारवाडी/लोही :- यह मारवाड के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रो व आर्द्र मरूस्थलीय क्षेत्र जैसे :-
   बीकानेर, नागौर, जोधपुर, जैसलमेर, पाली, बाडमेर, जालौर, में पायी जाती है । यह भी मांस के लिए प्रसिद्ध है ।
4. शेखावाटी :- यह सीकर व झुंझुनूँ में पायी जाती है । इसका विकास (CAZRI) ने किया । इसके सींग नही होते है व अच्छा दूध देती है ।
5. बारबरी :- यह राजस्थान के दक्षिण व दक्षिण-पूर्वी भाग में जैसे-डूँगरपुर, बांसवाडा व (ABCD) में पायी जाती है । यह दूध के लिए प्रसिद्ध है ।
6. जखराना :- यह जखराना गाँव(बहरोड, अलवर) में संकेन्द्रित है । यह सर्वाधिक दूध देने वाली नस्ल है ।
7. जमनापुरी :- यह बकरी की सर्वाधिक सुन्दर नस्ल है । यह दक्षिणी-पूर्वी राजस्थान, कोटा, बूँदी, झालावाड में पायी जाती है । यह त्रिप्रयोजनीय नस्ल है अर्थात् यह मांस, दूध, भार ढोने में प्रयुक्त होती है ।
8. पर्वतसरी :- यह परबतसर (नागौर), अजमेर, जयपुर, टोंक व झुंझुनूँ में पायी जाती है । यह अच्छा दूध देने वाली नस्ल है ।

वरूण गाँव:- नागौर जिले के वरूण गाँव की बकरियाँ पूरे राजस्थान में प्रसिद्ध है । यहाँ की बकरियों से मांस व ऊन की प्राप्ति होती है ।

भैंसे

सर्वाधिक प्रथम-जयपुर, द्वितीय-अलवर

भैंस की नस्ले	क्षेत्र	विशेष
मुर्रा (खुण्डी)	पूर्वी राजस्थान	राजस्थान में सर्वाधिक पायी जाने व सींग - खुडीदार सर्वाधिक दूध देने वाली नस्ल
सूरती	उदयपुर	मूलतः गुजरात की नस्ल
जाफराबादी	दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान	मूलतः गुजरात की नस्ल
मेहसाना	दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान	मूलतः गुजरात
भदावरी	पूर्वी राजस्थान	मूलतः उत्तरप्रदेश की नस्ल एवं व

ऊँट

सर्वाधिक-जैसलमेर 2014 में राज्य पशु घोषित

ऊँट की नस्ले	क्षेत्र	विशेष
बीकानेरी	बीकानेरी	बोझा ढोने के लिए
नाचना	जैसलमेर(नाचना)	सुन्दरता, दौड के लिए प्रसिद्ध
गोमठ	जोधपुर	ऊँट सवारी के लिए प्रसिद्ध है ।

अन्य नस्ले :- सिंधी, कच्छी, मेवाती

नोटः- कैमल मिल्क मिनी प्लांट जयपुर में स्थापित किया जायेगा ।

19वीं जनगणना ऊटों में 22 प्रतिशत की कमी आयी हर साल 23 हजार ऊँट होते है ।

घोडा

सर्वा. –बीकानेर

अश्व की नस्ले	क्षेत्र	विशेष
मालाणी	बाडमेर	सर्वश्रेष्ठ घोडे की नस्ल
मारवाडी	पश्चिमी राजस्थान	तेज दौडने हेतु
काठियावाडी	बाडमेर, जालौर	इस नस्ल के घोडे का सिर अरबी घोडे जैसा होता है

- घोडों का तीर्थ स्थल–आलम जी धोरा (गुढामलानी, बाडमेर)
- गधे :– सर्वाधिक– बाडमेर
- सुअर :– सर्वाधिक–भरतपुर
- कुक्कुट :– सर्वाधिक–अजमेर, उदयपुर
- खच्चर :– सर्वाधिक–अलवर

राजस्थान के प्रमुख पशु मेले

	पशु मेला	स्थान	पशु गौवंश
1.	श्री बलदेव पशु मेला	मेडता (नागौर)	नागौरी
2.	श्री तेजाजी पशु मेला	परबतसर (नागौर)	नागौरी
3.	श्री रामदेव पशु मेला	मानासर (नागौर)	नागौरी
4.	श्री मल्लीनाथ पशु मेला	तिलवाडा (बाडमेर)	थारपारकर कांकरेज
5.	चन्द्रभागा पशु मेला	झालरापाटन (झालावाड)	मालवी
6.	श्री गोमतीसागर पशु मेला	झालरापाटन (झालावाड)	मालवी
7.	जसवंत पशु मेला	भरतपुर	हरियाणवी
8.	गोगामेडी पशु मेला	हनुमानगढ	हरियाणवी
9.	शिवरात्रि पशु मेला	करौली	हरियाणवी
10.	कार्तिक पशु मेला	पुष्कर (अजमेर)	गीर

पशु प्रजनन एवं अनुसंधान केन्द्र

	प्रजनन एवं अनुसंधान केन्द्र	स्थान
1.	राष्ट्रीय ऊँट अनुसंधान केन्द्र	जोहडबीड
2.	केन्द्रीय पशु अनुसंधान केन्द्र	सुरतगढ, श्रीगंगानगर
3.	भेड एवं ऊन अनुसंधान केन्द्र	अविकानगर,टोक
4.	भैंस अनुसंधान केन्द्र	वल्लभ नगर, उदयपुर
5.	भैंस प्रजनन केन्द्र	डग (झालावाड), कुम्हेर(भरतपुर)
6.	बुल मदर फार्म	चाँदन गाँव, जैसलमेर
7.	बकरी प्रजनन केन्द्र	रामसर, अजमेर
8.	शूकर /सुअर प्रजनन केन्द्र	अलवर
9.	अश्व प्रजनन व अनुसंधान संस्थान	केरू (जोधपुर)

पशु विकास से संबंधित प्रमुख योजनाएँ और संस्थान

1. गोपाल योजना – षुरूआत – 2 अक्टूबर, 1990
   उद्देश्य – पशुधन पालन के आर्थिक विकास के लिए ग्रामीण युवाओं को षामिल करके पशुओं की नस्ल में सुधार करना और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना।
2. **ADMAS (Animal Diseases Monitoring and Surveillance)**
   शुरूआत – 1999
   उद्देश्य – ICAR (भारतीय कृषि अनुसंधान परिशद्) के माध्यम से गाय और भैंस की नस्लों को रोग मुक्त बनाना।
3. मुख्यमंत्री पशुधन नि:शुल्क दवा योजना
   शुरूआत – 15 अगस्त, 2012
   उद्देश्य – राज्य सरकार द्वारा पशु विकास के लिए आवश्यक दवाइयाँ नि:शुल्क उपलब्ध कराना।
4. अविका कवच योजना
   शुरूआत – 2004 पुन : 2009 एवं 2018

उद्देश्य – यह भेडों की बीमा योजना है जिसके माध्यम से एस.सी./एस.टी. और बी.पी.एल. को बीमा प्रीमियम पर 80% सब्सिडी प्रदान की जायेगी तथा अन्य के लिए 70% सब्सिडी प्रदान की जायेगी।

5. भामाशाह पशु बीमा योजना
   - इसमें बीमा एक या तीन साल का होगा।
   - बीमा राशि में BPL/SC/ST को 70% एवं शेष पशुपालकों को 50% अनुदान दिया जायेगा।
   - बीमा राशि गाय – 40000 रुपये
   - बीमा राशि भैंस – 50000 रुपये
   - भेड /बकरी /सूअर (10 Unit) – 50000 रुपये
   - ऊँट /घोडा /गधा – 50000 रुपये

एक परिवार में अधिकतम 5 बडे और 50 छोटे पशुओं का बीमा करवा सकते है ।

कला एवं संस्कृति

राजस्थान के त्यौहार

विक्रमी संवत् के महिने : (चन्द्रमा आधारित)

(1) चैत्र (2) वैशाख
(3) ज्येष्ठ (4) आषाढ
(5) श्रावण (6) भाद्रपद
(7) आश्विन (8) कार्तिक
(9) मार्गशीर्ष (10) पौष
(11) माघ (12) फाल्गुन

- सूर्य आधारित कैलेण्डर से बराबर करने के लिए प्रत्येक तीसरे वर्ष विक्रमी संवत् में एक (1) अतिरिक्त महिना जोड दिया जाता है इसे अधिकमास कहा जाता है । चन्द्रमा आधारित $29\frac{1}{2} \times 12 = 355$
$= 365 + 10\ days\ (1\ year)$

पौष –	माघ –	जनवरी
माघ –	फाल्गुन –	फरवरी
फाल्गुन –	चैत्र –	मार्च
चैत्र –	वैशाख –	अप्रैल
वैशाख –	ज्येष्ठ –	मई
ज्येष्ठ –	आषाढ –	जून
आषाढ –	श्रावण –	जुलाई
श्रावण –	भाद्रपद –	अगस्त
भाद्रपद –	आश्विन –	सितम्बर
आश्विन –	कार्तिक –	अक्टूबर
कार्तिक –	मार्गशीर्ष –	नवम्बर
मार्गशीर्ष –	पौष –	दिसम्बर

''तीज त्यौंहारा बावडी ले डूबी गणगौर''

हिन्दु त्यौहार श्रावण शुक्ल तृतीय अर्थात् (छोटी तीज) से शुरू होकर चैत्र शुक्ल तृतीय (गणगौर) पर समाप्त हो जाते हैं ।

1. श्रावण

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
पंचमी – नाग पंचमी	तृतीयाः – छोटी तीज
नवमी – निडरी नवमी (नेवले की पूजा)	जयपुर में छोटी तीज की सवारी प्रसिद्ध है
अमावस्याः हरयाली अमावस्या मेलेः 1. कल्पवृक्ष – मांगलियावास (अजमेर) 2. फतेह सागर झील मेला (उदयपुर) 3. बुढा जोहड मेला (श्री गंगानगर)	• यह पति – पत्नी के प्रेम का त्यौहार है । • यह प्रकृति – प्रेम का त्यौहार है । • इसमें महिलाएँ ''लहरिया'' ओढनी ओढती हैं । • सिंजाराः नवविवाहिता के लिए ससुराल पक्ष से आने वाले उपहार पूर्णिमाः रक्षाबन्धन (नारियल पूर्णिमा) इस दिन ''श्रवणकुमार'' की पूजा की जाती हैं ।

2. भाद्रपद (सबसे ज्यादा त्यौहार)

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
तृतीया : बडी तीज बूढी तीज सातुडी तीज कजली तीज • बूँदी में बडी तीज की सवारी प्रसिद्ध है ।	द्वितीया – ''बाबे री बीज'' (रामदेव जयन्ती) • रूणीचा (रामदेवरा) में रामदेवजी का मेला लगता है जो द्वितीया से लेकर ग्यारस तक चलता है । • इस मेलें को ''मारवाड का कुम्भ'' कहा जाता है ।
षष्ठी (छठ) : अब छठ (लडकी पूरे दिन खडी रहती है अच्छे वर के लिए व्रत करती है ।)	चतुर्थी : (चौथ) • गणेश चतुर्थी • शिव चतुर्थी • कलंक चतुर्थी • चतरा चौथ मेलेः 1. त्रिनेत्र गणेश मेला – रणथम्भौर 2. 'चुंगी तीर्थ मेला' – जैसलमेर (गणेश जी का मेला)
अष्टमीः कृष्ण जन्माष्टमी	
नवमीः गोगानवमी इस दिन किसान ''हल'' को 9 गाँठ वाली राखी बाँधता है ।	
	पंचमीः ऋषि पंचमी

मेले: 1. ददरेवा (चुरू) 2. गोगामेढी (हनुमानगढ) द्वादशी/बारस: बछबारस (इस दिन सबूत अनाज का प्रयोग होता है, चाकू का प्रयोग नही होता) अमावस्या : सती अमावस्या झुन्झुनु में मेला लगता है ।	• सप्त ऋषि की पूजा की जाती है । • 'माहेश्वरी समाज का रक्षाबन्धन' मेले: 1. भोजन थाली मेला–कामा भरतपुर 2. हरिराम जी का मेला –झोरडा नागौर (साँप से बचाते है ।) अष्टमी: राधाष्टमी • सलेमाबाद (अजमेर) में निम्बार्क सम्प्रदाय का मेला होता है । • इस सम्प्रदाय के लोग राधा को कृष्ण की पत्नी मानते है । दशमी – तेजादशमी परबतसर (नागौर) में पशु मेला एकादशी – जलझूलनी/देवझूलनी एकादशी (इस दिन भगवान कृष्ण को नहलाया जाता है) चतुर्दशी: अनन्त चतुर्दशी (इस दिन गणेश विसर्जन किया जाता है ।) पूर्णिमा : श्राद्ध प्रारम्भ

3. अश्विन

कृष्ण पक्ष	शुक्ल पक्ष
श्राद्ध पक्ष (16 दिन) (कोई मंगल काम नहीं होता है 16 दिन)	एकम : शरद नवरात्र प्रारम्भ अष्टमी : दुर्गाष्टमी होमाष्टमी
